समाचार

इस हफ्ते सोमवार से इन वार्डो में पहुचेंगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक होगी निःशुल्क जांच एवं इलाज)

कोरबा 07 नवम्बर 2020 —मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों की निःशुल्क जांच एवं इलाज करने हेतु 09 नवम्बर से 13 नवम्बर तक की तिथियां निर्धारित कर ली गई है, इन तिथियों में मोबाईल मेडिकल यूनिट वाहन निर्धारित वार्डो में पहुचेगा तथा निर्धारित स्थलों पर शिविर लगाकर प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं बीमारियों का इलाज किया जाएगा। निर्धारित तिथियो के अनुसार 09 नवम्बर सामेवार को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा के दलिया गोदाम स्थित मंच में, 10 नवम्बर मंगलवार को वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा स्थित सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय के पास, 11 नवम्बर बुधवार को वार्ड क्र. 26 मुड़ापार स्थित आंगनबाड़ी के पास, 12 नवम्बर गुरूवार को वार्ड क्र. 47 जमनीपाली अंतर्गत चोरभट्ठी बरेडीमुड़ा स्लम क्षेत्र हेतु आई.ओ.सी.एल.सामुदायिक भवन सांस्कृतिक मंच तथा 13 नवम्बर शुक्रवार को वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार नम्बर–1 पाड़ीमार के परसाभांठा स्कूल के पास स्थित सामुदायिक भवन में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा निःशुल्क जांच व इलाज किया जाएगा।

योजना के तहत होगा पंजीयन– मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी रहेंगे, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन करेंगे। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में लाएंगे। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ साथ में लाएंगे, उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाएगा। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बागर पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी।